**अगले बरस तू जल्द आ...**




# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 18 सितंबर 2024



12 धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती



11 ब्लॉक कर्मचारी का दर्जा पाने एकजुट हो रहे मनरेगा मेट






## खबर संक्षेप

### युवक ने लगाई फांसी



**बालोद/कलंगपुर।** थाना रनचिराई क्षेत्र अंतर्गत बोरगहन में 22 वर्षीय एक युवक ने सोमवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 16 सितंबर सोमवार की शाम लगभग 6 बजे की बताई जा रही है। लिमेंद कुमार यादव पिता खिलावन यादव ने अपने घर में फांसी लगा ली। घटना के समय युवक घर पर अकेला था, उनके माता–पिता कृषि कार्य के लिए गए थे। जब युवक की मां काम से घर वापस आई तो अपने बेटे के शव को फांसी के फंदे पर लटके देखा। उन्होंने रोते बिलखते पड़ोसियों को आवाज लगाई। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी रनचिराई पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक ने आत्महत्या क्यों की, इसका अभी पता नहीं चल पाया है। रनचिराई पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### बैहाकुआं गांव में बुजुर्ग ने तालाब में कूदकर दी जान

**डौंडीलोहारा।** रविवार को देर शाम ग्राम बैहाकुंआ के 68 वर्षीय बुजुर्ग सुकलुराम हल्बा ने शिव तालाब में कूदकर अपनी जान दे दी। विवेचना अधिकारी एएसआई अनितराम यादव ने बताया कि ग्राम में दो दिवसीय रामसत्ता का आयोजन किया गया था। उसके विसर्जन के लिए ग्रामीण तालाब के एक छोर पर थे। वहीं दूसरे छोर पर सुकलुराम ने तालाब में छलांग लगा दी। तुरंत ग्रामीणों ने उसे तालाब से बाहर निकाला व नगर के शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### फरदफोड निवासी कुलेश्वर के रूप में हुई मृतक की पहचान

**डौंडीलोहारा।** रविवार को देर शाम लगभग साढ़े 5 से 6 बजे के बीच खरखरा बांध के वाटरफॉल में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली थी। संजारी चौकी सहित नगर की पुलिस टीम ने पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए लाश को निकाला व मरच्यूरी भिजवाया था। पतासाजी में लाश कुलेश्वर दास मानिकपुरी 53 वर्ष निवासी फ़रदफोड़ थाना देवरी के रूप में शिनाख्ती की गई। टीआई एलपी जायसवाल व संजारी चौकी प्रभारी अरविंद साहू ने बताया कि खरखरा से आगे ग्राम बेन्दरचुआ के समीप लगभग चालीस फीट ऊपर से नीचे की ओर गिरने वाले वाटरफॉल में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौका मुआयना व परिजनों से पूछताछ के बाद प्रथम दृष्टया यह दुर्घटना का मामला लग रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि वाटरफॉल देखने गया रहा होगा, जो पैर फिसलने या अन्य किसी कारण से गिरकर पानी में डूब गया होगा। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो पाएगी।

### मवेशी तस्करीः आरक्षक का बड़ा रोल, गिरफ्तार

**भिलाई।** मवेशी तस्करी मामले में पुलिस ने एक आरक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।आरक्षक के खिलाफ पुलिस ने तस्करों का साथ देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि पाटन थाने का आरक्षक डिलेश्वर पठारे पर मवेशियों की तस्करी कराने का आरोप है। 10 सिंतबर को पाटन के फुंडा गांव स्थित एक फार्म हाउस में पुलिस टीम ने दबिश दिया था। जहां से पहले ही आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस को ट्रक में भरे और फार्म हाउस में बंधे हुए 46 मवेशियों का रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। जांच करने पर पता चला कि गौ तस्करी का मुख्य आरोपी संजय गिरी गोस्वामी है।

# अनंत चतुर्दशी पर जगह-जगह हुआ हवन, प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला भी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

गणेश उत्सव का मंगलवार को समापन हो गया। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर मंगलवार को घरों से लेकर गणेश पंडालों में हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ। लोगों ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन में आहुति डाली। वहीं, गणेश पंडालों में महाप्रसादी भंडारा का आयोजन भी किया गया। दोपहर से लेकर देर शाम तक जिला मुख्यालय में जगह-जगह गणेश पंडालों में भक्तों के लिए प्रसाद के रूप में भंडारा का आयोजन किया गया। शहर से लेकर गांवों तक घरों में व पंडालों में हवन पूजन के बाद भगवान गणेश की प्रतिमाओं को विसर्जित करने का सिलसिला भी शुरू हो गया। छोटी-छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। लोग बाजे गाजे के साथ विघ्नहर्ता को अंतिम विदाई देते नजर आए।

### कई जगह गणेश पंडालों में भंडारा का भी किया गया आयोजन



### जिला मुख्यालय में समितियां 20 को करेंगी विसर्जन



हालांकि 20 सितम्बर को जिला मुख्यालय का माहौल आखिर किस तरह से रहेगा यह देखने वाली बात है, क्योंकि गणेश समिति के सदस्य विसर्जन की तैयारी जोरों से कर रहे हैं, तो वहीं पुलिस प्रशासन ने डीजे या लाउडस्पीकर को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही इन निर्देशों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए डीजे को जब्त किया जा रहा है। ऐसे में गणेश समितियों के समक्ष सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करना जरूरी हो गया है।

### डीजे-धुमाल के बिना ही विसर्जन

जिला मुख्यालय से लेकर गांवों तक भगवान गणेश की प्रतिमाओं विसर्जन के दौरान इस साल डीजे, धुमाल या लाउडस्पीकर कहीं पर भी नजर नहीं आया। श्रद्धालु बाजे गाजे के साथ भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले गए। डीजे या लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध को लेकर पुलिस प्रशासन के कड़े निर्देश का पालन जिले में होता दिखाई दे रहा है।

**कार्यक्रम**

### विश्व ओजोन दिवस पर घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

# ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन असंभव, इसकी सुरक्षा आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद भूगोल विभाग के तत्वावधान में विश्व ओजोन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन भागीदारी समिति अध्यक्ष महाविद्यालय अमित चोपड़ा थे, अध्यक्षता विभागाध्यक्ष भूगोल प्रो.जी.एन. खरे ने की। विशिष्ट अतिथि विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन प्रो. शैलेंद्र आर्य, विभागाध्यक्ष भौतिकी प्रो डॉ. आरडी. साहू, विभागाध्यक्ष जीव विज्ञान प्रो. रितु पिस्दा, अतिथि व्याख्याता खिलावन साहू उपस्थित थे।

■ विद्यार्थियों को बताए गए ओजोन परत के लाभ, उससे होने वाली हानियों को लेकर किया सावधान

मुख्य अतिथि अमित चोपड़ा ने कहा कि पृथ्वी का श्रृंगार हरे–भरे पेड़ पौधे हैं। इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए, जिससे हमारे ओजोन परत का क्षरण कम हो सके। अध्यक्षता कर रहे विभागाध्यक्ष भूगोल प्रो जीएन खरे ने ▶▶ शेष पेज 10 पर



### ओजोन परत की सुरक्षा के लिए गंभीरता से विचार करना आवश्यक

विशिष्ट अतिथि प्रो शैलेंद्र आर्य ने कहा कि ओजोन दिवस को सिर्फ एक कार्यक्रम की तरह ना मनाकर सभी को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और ओजोन परत में जो छिद्र हुआ है उसको ध्यान में रखते हुए पर्यावरण संरक्षण का प्रयास करना चाहिए, ताकि ओजोन परत का संरक्षण कर सके, प्रो रितु पिस्दा ने बताया ओजोन परत का क्षरण सिर्फ भारत के लिए ही नहीं बल्कि विश्व के लिए गंभीरता का विषय है हमें अपनी पृथ्वी के संसाधनों का समुचित दोहन कर प्रकृति को हरा भरा रखने का संकल्प लेना चाहिए पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार साहू, गजेंद्र ढीमर, विश्वजीत बघेल, लक्ष कुमार साहू, डोमार साहू, लोकेश्वर निर्मलकर, जय नारायण, रामस्वरूप, यमित, शशिकांत, दीपिका, तृप्ति, कविता, जागृति, राजेश सहित भूगोल संकाय के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

### हाई स्कूल जगतरा में मना ओजोन परत संरक्षण दिवस



**गुरूर।** शासकीय हाई स्कूल जगतरा में ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बच्चों ने मानव श्रृखला के माध्यम से ओ थ्री बनाकर संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए संस्था में चित्रकारी, निबंध व भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें हर्षिता, मानसी, यश कुमार, खुशी, अमन कुमार एवं ईशांत देवदास ने ओजोन सरक्षण पर भाषण देकर छात्रों को जागरूक करने का प्रयास किया। प्राचार्य केएस कटेन्द्र ने सभा में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को ओजान परत का महत्व व इसके क्षरण से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया।

# आयरन ओर से भरा ट्रक पलटा, लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

डोंडीलोहारा मुख्य मार्ग पर ग्राम शिकारीटोला के पास मोड़ पर सुबह लगभग 7 बजे आयरन ओर भरा 14 चक्का महिंद्रा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक के पलटते ही उसमें आग लग गई। ट्रक के केबिन के हिस्सा में आग पकड़ी और देखते देखते आग ने गाड़ी के सामने के हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक के सामने के दोनों व लिफ्टर का एक टायर भी जल कर खाक हो गया। वाहन चालक ने किसी तरह निकलकर अपनी जान बचाई।

■ डोंडीलोहारा मुख्य मार्ग पर ग्राम शिकारीटोला के पास हुई दुर्घटना

मिली जानकारी के अनुसार 14 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीजे 2390 मेटाबोदली माइंस से आयरन ओर भरकर गिधाली की ओर जा रहा था। इस बीच ग्राम शिकारीटोला के पास मोड़ पर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान वह लगभग 15 फीट तक घसीटता रहा। वहीं, ट्रक के रुकते ही उसमें आग लग गई। ट्रक चालक गाड़ी से जैसे-तैसे बाहर निकला और आग बुझाने का प्रयास करने लगा। उधर, ट्रक के पलटने की जोरदार आवाज से आसपास के ग्रामीण घटनास्थल ▶▶ शेष पेज 10 पर

### ग्रामीणों ने की संकेतक लगाने की मांग

इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम शिकारीटोला के पास का यह मोड़ दुर्घटनाजन्य क्षेत्र बन गया है। यहां आए दिन दुर्घटना होती रहती है। ग्रामीणों ने सड़क के मोड़ के दोनों तरफ दुर्घटनाजन्य क्षेत्र का संकेतक बोर्ड लगाने की मांग की। इसके साथ ही मालवाहकों की रफ्तार पर अंकुश लगाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

## नगर पंचायत गुरुर में हुआ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम ...

**गुरूर।** नगर पंचायत गुरुर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता रैली निकाली गई तथा स्वच्छता की शपथ ली गई। कचरा संग्रहण में लगी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत गुरुर अध्यक्ष महिमा साहू, पार्षद चिंता राम साहू, भूपेश लोहले, शोभित ओझा, जितेश्वरी निषाद, चन्द्र लता साहू, कुंती सिन्हा, अनुसुईया ध्रुव, पूर्व पार्षद ताम्ररज सिन्हा व मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास पटेल, नगर पंचायत के कर्मचारी लेखापाल दिलीप कुमार कंसारी, भूपेंद्र विश्वकर्मा, योगेश्वर नेताम, योगेंद्र के साथ पार्षद, अधिकारी, कर्मचारी तथा स्कूल शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित थे।





# फांसी के फंदे पर लटकती मिली युवक-युवती की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के रानी माँ मंदिर मार्ग पर स्थित धरमपुरा जंगल में युवक और युवती की लाश एक साथ फांसी के फंदे पर लटकते मिली। लाश मिलने से अंचल में सनसनी फैल गई। वहीं, घटना की जानकारी के बाद बालोद पुलिस मौके पर पहुँच शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज कार्यवाही में जुट गई है।

■ रानी माँ मंदिर मार्ग पर स्थित धरमपुरा जंगल में मिले शव

मिली जानकारी के अनुसार युवती धनेश्वरी यादव उम्र लगभग 18 वर्ष ग्राम नारागाँव निवासी बीते शुक्रवार से अपने घर से गायब थी। उसके बाद से उसके परिजन अपने रिश्तेदारों से सम्पर्क कर पूछताछ कर रहे थे। हालांकि गुमशुदगी की शिकायत नजदीक थाने में परिजनों द्वारा नहीं की गई थी। लेकिन इस बीच मंगलवार लगभग सुबह लगभग 11 बजे ग्राम धमरपुरा के ग्रामीण से पता चला कि रानी माँ मंदिर के पास ही जंगल में दो लोगों की लाश पेड़ पर फांसी के फंदे पर झूलते हुए मिली है। उसके बाद नर्रा कोतवाल के माध्यम से बालोद पुलिस को ▶▶ शेष पेज 10 पर







### सोशल मीडिया से हुई युवक की पहचान

वहीं, युवक की पहचान के लिए पुलिस को सोशियल मीडिया के साथ ही ग्रामीणों का सहारा लेना पड़ा। बाद शाम को युवक की शिनाख्त धर्मेंद्र कुमार धुर्वे उम्र लगभग 22 वर्ष दल्ली राजहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धुर्वाटोला निवासी के रूप में की गई है। वह युवक एक हफ्ते से गाड़ी चलाने के लिए बाहर जाने के नाम पर घर से निकला था, जिसके कारण परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत परिजनों ने थाने में नहीं की थी। लेकिन अचानक आत्महत्या की खबर परिजनों को मिलने से गाँव में सनसनी फैल गई है। कोतवाली थाना बालोद टीआई रविशंकर पाण्डेय ने बताया कि बालोद थाना क्षेत्र ▶▶ शेष पेज 10 पर

## 33 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए सरकार से मांग रखने का किया आग्रह

# प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड संघ ने शिक्षक भर्ती के संबंध में विधायक संगीता से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड संघ ने 33000 शिक्षकों की भर्ती के संबंध में विधायक संगीता सिन्हा को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने चुनाव के समय 57000 शिक्षकों की भर्ती के लिए घोषणा पत्र जारी किया था। चुनाव जीतने के बाद तात्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने 33000 शिक्षकों की भर्ती के लिए विधानसभा के पटल पर घोषणा की और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने भी ट्विटर हैंडल के जरिए युवाओं को मैसेज कि 33000 शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। उसके बाद छत्तीसगढ़ सरकार अपनी बातों से पीछे हट गई। सरकार युक्ति युक्त करण करके लगभग 4000 स्कूल बंद करने के पक्ष में है, जबकि आपकी सरकार आई थी उनके कोरोना काल का समय आया था उसके बाद जैसे कोरोना काल खत्म हुआ तो शिक्षक भर्ती की घोषणा की और 2023 में शिक्षक भर्ती नहीं हुई। अभी भी स्कूलों में शिक्षक की बहुत कमी होने के कारण बच्चों को उचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है, जो गरीब गांव में पढ़ने वाले बच्चों को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। शिक्षक भर्ती होना बहुत ही अनिवार्य है। शिक्षक भर्ती के संबंध में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया गया है, लेकिन सरकार की ओर से कोई जवाब तक नहीं मिला है। अगर सरकार शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया शुरू नहीं की जाती, तो 21 सितंबर को रायपुर में जन आंदोलन करेंगे। उन्होंने

प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड संघ ने विधायक संगीता सिन्हा से आग्रह किया है कि सरकार से हमारी मांगों को आगे रखें और हमारी मदद करें तथा गांव में रहने वाले गरीब बच्चों की मदद करें।



### नकली पिस्टल दिखाकर लूट का प्रयास, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** नकली पिस्टल दिखाकर लूट का प्रयास करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309 (5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि पुलिस लाइन दुर्ग निवासी लक्ष्मीकांत रावटे ने शिकायत किया है कि कार सीजी 07 सीएम 8808 में सवार दो युवक पिस्टल दिखाकर मोबाइल और रुपए का डिमांड करने लगे। जांच करने पर पुलिस ने दीपक नगर दुर्ग निवासी सहज अब्बू उर्फ आशू और तालपुरी यज्ञदत्त मंडावी को गिरफ्तार किया है। युवकों से पूछताछ करने पर लाइटर पिस्टलनुमा काक होता और कार को जब्त किया गया।


**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

खबर संक्षेप

## प्रधानमंत्री को मुख्यमंत्री ने दी जन्मदिन की बधाई




**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके यशस्वी, सुदीर्घ, स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश सेवा की उत्कृष्ट मिसाल प्रस्तुत की है। उनके कुशल नेतृत्व में भारत विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश ने सभी क्षेत्रों में नई ऊंचाईयां हासिल की हैं। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री ने 2047 तक विकसित भारत का जो विजन दिया है, उसी के अनुरूप हम विकसित छत्तीसगढ़ का विजन डाक्यूमेंट तैयार कर रहे हैं।

## वीआरएस अब 17 साल की सेवा के बाद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवक अब 17 साल की सेवा पूरी होने के बाद वीआरएस ले सकते हैं। राज्य सरकार ने इस व्यवस्था को लागू करने के लिए (वीआरएस) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लिये जाने के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1976 में संशोधन किया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में वीआरएस के लिए 20 साल की सेवा अवधि पूरी होने की अनिवार्यता थी। राज्य सरकार ने अब इस संबंध में नया संशोधन जारी किया है। केंद्रीय सरकार के अधीन काम करने वाले शासकीय सेवकों के लिए इससे अलग प्रावधान है।

## पायलट ने दी शर्मा को श्रद्धांजलि

**रायपुर।** एआईसीसी महासचिव एवं कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट ने प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री स्व. सुभाष शर्मा के निवास जाकर उनको अपनी भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की। उन्होंने कहा, स्व. सुभाष शर्मा के निधन से कांग्रेस पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई होना मुश्किल है। इस अवसर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी एसए सम्पत कुमार, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी जरिता लैतफलांग, एआईसीसी संयुक्त सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम उपस्थित थे।

## राज्य में भय का माहौल अपराधी बेखौफ : बैज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रदेश में रोज-रोज हो रही हत्याओं से प्रदेश में भय का माहौल पैदा हो गया है। हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, गोलीबारी, गैंगवार की घटनाएं बढ़ गई हैं। सुकमा में पुलिस के हवलदार सहित पांच लोगों की हत्या कर दी गई। गृह मंत्री के जिले कवर्धा में एसपी और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में एक उपसरपंच को जिंदा जला दिया गया। दो दिन पहले बलौदाबाजार जिले में टोनही बताकर 11 महीने के अबोध बच्चे सहित चार लोगों की हत्या कर दी गई। कानून का डर अपराधियों पर खत्म हो गया है। प्रदेश का आम आदमी अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है। साय सरकार प्रदेश के नागरिकों को जीवन जीने के लिये भय मुक्त वातावरण देने में असफल साबित हुई है।

# सदस्यता अभियान में ऐसा ऑफर, तीन हजार सदस्य बनाएं, मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का मौका पाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भाजपा का सदस्यता अभियान प्रदेश में बहुत तेज गति से चल रहा है। रोज एक लाख से ज्यादा सदस्य बन रहे हैं। अब तक 13 लाख सदस्य बन गए हैं। सदस्य बनाने के लिए कार्यकर्ताओं में दो तरह की होड़ चल रही है।

एक तो सक्रिय सदस्य बनने के लिए 50 सदस्य बनाने की होड़ है, इसके साथ ही दूसरी सबसे बड़ी होड़ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने को लेकर है। प्रदेश संगठन ने सदस्यता अभियान में पहली बार ऑफर भी लाने का काम किया है। जो भी कार्यकर्ता तीन हजार सदस्य बनएंगे, उनको जहां मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का मौका मिलेगा, वहीं उनका सम्मान भी किया जाएगा। यह योजना आम कार्यकर्ता के लिए है।

प्रदेश में भाजपा का सदस्यता अभियान तीन सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ कई मंत्रियों और प्रदेश के दिग्गज नेताओं को एक कार्यक्रम में सदस्य बनाने के साथ प्रारंभ हुआ है। सदस्यता अभियान बूथ स्तर 6 सितंबर से चल रहा है। बूथों पर फोकस करते हुए हर बूथ में 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बूथ में आम कार्यकर्ता जाकर सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं। प्रदेश में 25 हजार के आस-पास बूथ हैं ऐसे में 50 लाख के लक्ष्य तक बूथों के माध्यम से ही पहुंचने की योजना भाजपा संगठन की है।

### ज्यादा सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा

**ऐसा ऑफर पहली बार**

प्रदेश संगठन ने कार्यकर्ताओं में उत्साह के साथ सदस्य बनाने के लिए पहली बार एक ऑफर योजना भी बनाई है। इस योजना में कहा गया है कि जो भी सामान्य कार्यकर्ता तीन हजार या इससे ज्यादा सदस्य बनाने का काम करेंगे, उनको मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका दिया जाएगा। इसके लिए डीनर या फिर लंच का आयोजन होगा। यही नहीं तीन हजार सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं का मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान भी कराया जाएगा। इस योजना से सांसद, विधायकों को अलग रखा गया है क्योंकि उनको संगठन ने अलग से लक्ष्य दिया है। सांसदों को 20-20 हजार और विधायकों को 10-10 हजार सदस्य बनाने हैं। इस ऑफर के बाद शहर से लेकर गांवों तक भाजपा कार्यकर्ता इस प्रयास में जुट गए हैं कि उनके लिंक से तीन हजार सदस्य बन जाएं ताकि उनको मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का मौका मिल सके।



**तय की है ऐसी योजना**

कार्यकर्ताओं में उत्साह लाने के लिए ऐसी योजना तय की गई है। तीन हजार सदस्य बनाने वालों को मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का मौका मिलेगा और उनका सम्मान भी होगा।

- अनुराग सिंहदेव, प्रदेश संयोजक, सदस्यता अभियान समिति

### ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

# साय ने कहा- ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य पूरा करने में छत्तीसगढ़ का रहेगा अहम योगदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

गुजरात के गांधीनगर में चौथे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स समिट एंड एक्सपो (री-इंवेस्ट-24) में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में क्लीन और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को मंच से साझा किया।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने में छत्तीसगढ़ राज्य का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ सोलर एनर्जी, हायडल एनर्जी, बायोगैस से बिजली के उत्पादन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में बिजली की खपत 5500 मेगावाट है। प्रदेश में करीब 15 प्रतिशत बिजली का उत्पादन रिन्यूएबल एनर्जी के स्त्रोतों से किया जा रहा है। इसे आने वाले समय में 45 प्रतिशत तक बढ़ाने का हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे जहां अक्षय ऊर्जा से जुड़े उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं जलवायु परिवर्तन की बड़ी चुनौती से निपटने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में अक्षय ऊर्जा के उत्पादन की असीम संभावनाएं हैं। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा के माध्यम से छत्तीसगढ़ में सौर ऊर्जा तथा अन्य गैर परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, अक्षय ऊर्जा प्रदूषण मुक्त ऊर्जा का स्त्रोत है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के स्त्रोत हमेशा मौजूद रहने वाले हैं। पूरी दुनिया इनकी ओर बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ में भी हम सब अक्षय ऊर्जा के अधिक से अधिक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में छत्तीसगढ़ भी प्रमुख भूमिका निभाएगा।



**ये देश हुए शामिल :** एक्सपो समिट में मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश हिस्सा रहा हैं। वहीं इस साल प्रमुख अंतरराष्ट्रीय भागीदारों में ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, जर्मनी और नॉर्वे जैसे देश भी शामिल हैं। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी, आंध्रप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश और गोवा के मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ के उर्जा विभाग के सचिव पी. दयानंद एवं क्रेडा के सीईओ राजेश सिंह राणा भी उपस्थित थे।

### वनांचलों में सौर ऊर्जा से बिजली

प्रदेश के दूरस्थ एवं वनांचलों में स्थित गांवों में जहां बसाहटें काफी बिखरी हुई होती हैं। बसाहटों की दूरी एक दूसरे से दो-तीन किमी तक होती है। बीच में कोई नाला आ गया, कोई छोटी सी पहाड़ी आ गई। ऐसे में बिजली की लाइन खींचना बेहद कठिन होता है और लागत बढ़ जाती है। ऐसे क्षेत्रों में क्रेडा द्वारा सौर ऊर्जा से बिजली पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

### ढाई हजार शासकीय भवन सौर ऊर्जा से रोशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में ढाई हजार से ज्यादा शासकीय भवन, आश्रम छात्रावास और स्वास्थ्य केंद्र सौर ऊर्जा से रोशन हैं। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रेडा को वर्ष 2018 में सराहा गया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्यघर योजना से देश का आम आदमी अब बिजली खरीदने वाला नहीं, बिजली बेचने वाला बन जाएगा। छत्तीसगढ़ में भी इस योजना के उत्साह जनक परिणाम मिल रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में वार्डवार शिविर लगाकर लोगों को इस योजना के संबंध में जागरूक किया जा रहा है और मौके पर ही फार्म भराए जा रहे हैं।

### तातापानी में 100 किलोवाट का भूतापीय विद्युत संयंत्र लगाने का निर्णय

उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से भिलाई के बीच चरौदा में रेलवे की जमीन पर सोलर प्लांट लगाया गया है। इस सोलर प्लांट से रायपुर और दुर्ग की लोकल ट्रेन चल रही हैं। इसी तरह बलरामपुर जिले के तातापानी में गर्म जल के प्राकृतिक कुंड हैं। यहां लिया गया है। खेती-किसानी में भी सिंचाई के लिए सौर सिंचाई पंपों का उपयोग किया जा रहा है। क्रेडा द्वारा किसानों के खेतों में डेढ़ लाख से ज्यादा सोलर सिंचाई पंप स्थापित किए गए हैं।



# मरीज रेफर करने सरकारी अस्पतालों को बताना पड़ेगा ठोस कारण, निजी पैथोलॉजी लैब होंगे सूचीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- स्वास्थ्य मंत्री ने ली वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सीएमएचओ, सिविल सर्जन की बैठक

सरकारी अस्पतालों से थोक में मरीजों को रेफर करने के मामलों को गंभीरता से लिया जा रहा है। सरकारी अस्पताल अगर किसी मरीज को दूसरे हास्पिटल भेजते हैं, तो उन्हें ठोस वजह बताना होगा। आने वाले दिनों में कारणों का पता लगाने के लिए समीक्षा होगी और कमियों को सुधारा जाएगा। राज्य में संचालित निजी पैथोलॉजी लैब को एक महीने के अंदर सूचीबद्ध किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सीएमएचओ, सिविल सर्जन तथा विभिन्न योजनाओं के नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सरकारी अस्पतालों से मरीजों को दूसरे हास्पिटल रेफर किए जाने के मामले को गंभीरता से लिया और कहा कि इसके लिए संबंधित अस्पताल और डाक्टर को ठोस कारण बताना होगा, ताकि कमियों के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य में संचालित होने वाले पैथोलॉजी लैब को एक माह के भीतर सूचीबद्ध किया जाए और अनियमित लैब के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि मरीजों को आसानी से जांच संबंधी सुविधा मिल सके। चिकित्सकों के निजी प्रेक्टिस के मामले में उन्होंने कहा कि उन्हें नियमानुसार भत्ता दिया जा रहा है। इसके बाद भी यदि नियम विरुद्ध प्रेक्टिस करते हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान मनोज कुमार पिंगुआ, एमडी एनएचएम जगदीश सोनकर तथा एमडी सीजीएमएमसी पद्मिनी भोई साहू भी उपस्थित थीं।

### तीन माह में पांच सौ जन औषधि केंद्र

राज्य के लोगों को सस्ते में दवा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों को पुन सक्रिय किया जाएगा। सरकारी के साथ निजी सेक्टर में तीन माह के भीतर पांच सौ जनौषधि केंद्र खोले जाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए विभागीय स्तर पर एक माह के भीतर योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मौसमी बीमारी पर गंभीर

स्वास्थ्य मंत्री ने मौसमी बीमारी पर गंभीरता दिखाई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है इसकी रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक बनाने का प्रयास किया जाए। मरीजों के इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए, अस्पतालों में पर्याप्त दवा और जांच किट उपलब्ध होने चाहिए। स्वाइन फ्लू के मामले में विशेष सतर्क बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

# पायलट ने वरिष्ठ नेताओं के साथ उपचुनाव निकाय और पंचायत चुनाव की बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की बैठक लेकर रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव, नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति पर मंथन किया। वहीं संगठन को मजबूत बनाने को लेकर रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति के साथ संगठन में बदलाव को लेकर भी रणनीति तैयार की। संगठन में युवाओं नेताओं को जगह मिलेगी। वहीं कवर्धा में हुई घटना को लेकर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल जाकर ग्रामीणों से चर्चा कर रिपोर्ट तैयार कर सरकार को घेरेगा।

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस की दो महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश प्रभारी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट की उपस्थिति में हुई। पहली बैठक दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की तैयारी को लेकर हुई। चुनाव को लेकर शहर के 19 वार्ड के बूथ कमेटियों की समीक्षा की गई। यहां के प्रभारियों द्वारा यहां पर कार्यकर्ताओं की बैठक की जानकारी ली गई। सभी बूथों में नेताओं को उपचुनाव के पहले सक्रिय कर उन्हें कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने में मदद करने कहा गया। वहीं उप चुनाव में प्रत्याशियों के चयन के संबंध में भी चर्चा की गई।

**महंत-बैज गले मिले कांग्रेस में मची हलचल**



छग कांग्रेस संगठन में बदलाव की खबरों के बीच नई तस्वीर सामने आई है। जहां डॉ. चरणदास महंत और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज गले मिलते दिख रहे हैं। दरअसल प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट को विदा कर नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत पीसीसी अध्यक्ष के घर पहुंचे थे, जहां दोनों के बीच काफी देर तक हुई मंत्रणा हुई। यह तस्वीर सामने आई के बाद कांग्रेस में हलचल मची हुई है।

### नगरीय निकायो में जल्द नियुक्त होंगे प्रभारी

दूसरी बैठक प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की आने वाले नगरीय निकाय, पंचायत के चुनाव के संबंध में तथा प्रदेश संगठन की गतिविधियों के संबंध में हुई। निकाय चुनाव को लेकर आने वाले दो माह बाद कभी कार्यक्रम जारी होने की संभावनाओं के बीच सभी निकायों में प्रभारी नियुक्त करने पर जोर दिया गया। प्रभारियों के माध्यम वहां के चुनाव की निगरानी जिला और ब्लॉक स्तर पर की जाएगी।

# एनजीटी की नई गाइडलाइन मूर्ति विसर्जन केवल कुंडों में हो

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मंगलवार से गणेश प्रतिमा विसर्जन प्रारंभ हो जाएगा, लेकिन इससे पहले ही छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने मूर्ति विसर्जन संबंधी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की नई गाइड लाइन प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को भेजी है और उस पर अमल करने कहा है। निर्देश में कहा गया है कि नगरीय निकाय क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन से जल स्त्रोतों की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिससे जलीय जीव जंतुओं की जान को खतरा उत्पन्न होता है। यही नहीं, जल प्रदूषण की स्थिति भी उत्पन्न होती है। गणेश उत्सव एवं दुर्गोत्सव पर्व पर जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने के लिए मूर्ति विसर्जन केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा गाइड लाइन जारी की गई है।

### ये हैं एनजीटी के निर्देश

नदी और तालाब में विसर्जन के लिए विसर्जन पाँड, बन्ड, अस्थाई पाँड का निर्माण करके ही मूर्ति एवं पूजा सामग्री जैसे फूल, वस्त्र, कागज एवं प्लास्टिक से बनी सजावट की वस्तुयें इत्यादि मूर्ति विसर्जन के पूर्व अलग कर ली जाये तथा इसका निपटान (अपवहन) उचित तरीके से किया जाए। जिससे नदी या तालाब में प्रदूषण की स्थिति नियंत्रित हो सकें।

### विसर्जन स्थल पर न जाए वेस्ट मटेरिटल

निर्देश में कहा गया है कि विसर्जन के बाद वेस्ट मटेरियल, पूजा सामग्री, फूल कपड़े, प्लास्टिक पेपर, आदि को सुरक्षित एकत्र कर पुर्नउपयोग एवं कम्पोस्टिंग आदि में किया जा सकता है। वेस्ट मटेरियल विसर्जन स्थल पर जलाना प्रतिबंधित है। मूर्ति विसर्जन स्थल पर प्र्याप्त घेराबंदी व सुरक्षा की व्यवस्था की जाए। पूर्व से ही चिन्हांकित विसर्जन स्थल पर नीचे सिंथेटिक लाईनर की व्यवस्था की जाये तथा विसर्जन के बाद लाईनर, विसर्जन स्थल से हटाया जाये, जिससे कि मूर्ति विसर्जन के बाद उसका अवशेष बाहर निकाला जा सके। मूर्ति केवल प्राकृतिक, जैव अपघटनीय, ईको फ्रेंडली, कच्चे माल की बनी होनी चाहिए।

# सनकी आशिक ने युवती को मिलने के बहाने बुलाकर गला रेत दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- घटना के समय नशे में धुत था आरोपी

एकतरफा प्यार में युवती की हत्या करने वाले आरोपी ने नशे में धुत्त होकर युवती को मरीन ड्राइव में बुलाकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस को प्रारंभिक पड़ताल में जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मृतका, उसकी छोटी बहन तथा हत्या का आरोपी मरीन ड्राइव के पास कहीं किराए के मकान में आसपास रहते थे। तीनों राजनांदगांव के रहने वाले थे, इसलिए उनकी आपस में एक दूसरे के साथ जान पहचान थी।

पुलिस को जो प्रारंभिक जानकारी मिली है, उसके मुताबिक लोकेश्वर तारक ने युवती को मरीन ड्राइव में मिलने के लिए बुलाया था। लोकेश ने युवती को अकेले आने के लिए कहा था। मृतका की बहन के अनुसार उसकी दीदी मिलने आने से मना कर रही थी, तब लोकेश ने योगिता को जिद कर मिलने आने के लिए विवश किया। मृतका की बहन के अनुसार उसे इस बात पर यकीन ही नहीं था कि उसकी दीदी जिससे मिलने गई थी, वह उसकी हत्या कर देगा।

### इस बात से था नाराज

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक लोकेश को योगिता के किसी दूसरे आदमी से बात करना पसंद नहीं था। योगिता मोमोज सेंटर में अपने अन्य सहकर्मियों से बात करती थी। इस बात की जानकारी मिलने पर लोकेश योगिता को अपने सहकर्मियों से बात करने से मना करता था। इस बात को लेकर योगिता ने लोकेश को फटकार भी लगाई थी। साथ ही योगिता ने लोकेश को उसके शादीशुदा होने की बात कह कर उससे दूर रहने की हिदायत दी थी। इसी बात से नाराज होकर लोकेश ने योगिता की हत्या करने का प्लान कर पहले छक कर शराब पी, उसके बाद उसकी मरीन ड्राइव में गला रेतकर हत्या की।

प्रत्येक झांकी पर 10 पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी

# गणेश प्रतिमा विसर्जन में बदमाशों पर 'स्पेशल 30' की टीम नजर रखेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी में दो दिन के बाद गुरुवार को गणेश प्रतिमाओं का महादेव घाट कुंड में विसर्जन किया जाएगा। प्रतिमा विसर्जन में किसी भी प्रकार का व्यवधान रोकने पुलिस ने झांकी के लिए सात एंट्री पाइंट तैयार किए हैं। एंट्री पाइंट में संदिग्धों की जांच की जाएगी। इसके बाद झांकी को शारदा चौक पर एंट्री दी जाएगी। इसके साथ ही पुलिस ने बदमाशों पर निगरानी रखने क्राइम ब्रांच की स्पेशल 30 की टीम तैयार की है। एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदा चौक से झांकी निकाली जाएगी। पुलिस अफसर के अनुसार इस बार प्रतिमा विसर्जन के लिए 40 के करीब झांकी निकलने की संभावना है। झांकी शारदा चौक से जयस्तंभ, मालवीय रोड होते हुए कोतवाली चौक जाएगी। इसके बाद कोतवाली चौक से सदर बाजार होते हुए कंकाली तालाब से सीधे पुरानी बस्ती फिर लाखेनगर चौक तक जाएगी।

### ड्रोन के साथ आईटीएमएस कैमरा से निगरानी

पुलिस अफसर के अनुसार झांकी के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी पर नजर रखने ड्रोन कैमरा के साथ आईटीएमएस कैमरा की मदद ली जाएगी। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस के कंट्रोल रूम में बैठे जवान सभी कैमरों की फूटेज की निगरानी करेंगे। संदिग्धों के दिख जाने पर कंट्रोल रूम को सूचना देंगे। झांकी विसर्जन के दौरान अस्थायी तौर पर कोतवाली थाना को कंट्रोलरूम बनाया जाएगा।



**शुरू कर दी गई है तैयारी**

गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए निकलने वाली झांकियों के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रतिमा विसर्जन के दिन सभी राजपत्रित पुलिस अफसरों के साथ सभी थानों के बल के साथ जरूरत के हिसाब से लाइन से पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। जिन रास्तों से झांकी निकलेगी, उन रास्तों में सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए हैं।

- एएसपी सिटी, लखन पटले

### ओजोन परत के बिना पृथ्वी ...

पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विश्व ओजोन दिवस पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को बताया कि ओजोन ऑक्सीजन के तीन परमाणुओं से मिलकर बना हुआ गैस है, जिसकी तीखी गंध होती है। ओजोन परत पृथ्वी से 30 से 32 किलोमीटर ऊपर समताप मंडल में पाया जाता है जो सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी विकिरणों, क्लोरोफ्लोरोकार्बन हेलोन जैसे हानिकारक गैसें से संपूर्ण मानव जाति की रक्षा करती हैं।

उन्होंने कहा कि यदि ओजोन परत नहीं होगा तो पृथ्वी में जीवन असंभव है, क्योंकि ओजोन परत के रहने से मानव जीवन का पारिस्थितिक तंत्र सुचारू रूप से संचालित होता है एवं मनुष्यों में होने वाली त्वचा केंसर, मोतियाबिंद जैसे घातक बीमारियों से बचाता है। उन्होंने अपने प्रेजेंटेशन के दौरान ओजोन दिवस के संरक्षण हेतु बनाए गए विएना संधि और मॉन्ट्रियाल प्रोटोकॉल, ओजोन परत के क्षरण का कारण एवं उससे मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव पर भी प्रकाश डाला और ओजोन संरक्षण के विश्व स्तरीय प्रयास का उल्लेख भी किया व अधिक से अधिक पेड़ लगाने की बात कही।

## पेज 9 के शेष

### आयरन ओर से भरा ...

की ओर दौड़े और आग बुझाने का प्रयास किया, किंतु तब तक आग अपना रौद्र रूप दिखाने लगा, जिसके बाद लोग ट्रक से दूर हो गए। इस बीच ट्रक चालक फरार हो गया। वाहन भानुप्रतापुर का बताया जा रहा है। राजहरा थाना प्रभारी सुनील तिर्की को घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने एसआर साहू सहायक सब इंस्पेक्टर को बल के साथ घटनास्थल रवाना किया। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर आवागमन दुरुस्त करवाया। इस बीच अग्निशमन वाहन लगभग 8.30 बजे घटनास्थल पहुंचा, जिसके बाद अग्निशमन कर्मियों ने आधा घंटे में आग पर काबू पा लिया।

### फांसी के फंदे पर ...

सूचना दी गई। तब मौके सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ के अलावा जांच पर बालोद टीआई और एसडीओपी पुलिस टीम के साथ पहुंचे हुए थे।

घटना स्थल रानी माँ मंदिर से लगभग 2 किलोमीटर दूर तथा तालगांव मुख्य सड़क से लगभग 500 मीटर अंदर धरमपूरा गाँव के जंगल में कुरु पेड़ पर प्रेमी युगल की लाश फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी।

युवक अपनी जेब में मोबाइल पकड़ा हुआ था युवक और युवती की लाश तीन चार दिन पुराना होने के कारण लाश सड़ कर गलने लगी थी। उसके कारण चहेरे की पहचान नहीं की जा सकती थी। लेकिन पुलिस द्वारा कपड़े के माध्यम से प्रेमी जोड़े की पहचान की गई। लड़की ग्राम नारागाँव निवासी धनेश्वरी यादव के रूप में की गई, जिसकी शिनाख्त परिजन को बुलाकर पुलिस द्वारा की गई।

### सोशल मीडिया से हुई ...

अंतर्गत रानी माँ मंदिर के नजदीक लगे धरमपूरा के जंगल में युवक व युवती की लाश पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकी मिली थी। पता तलाश के दौरान मृतका युवती की शिनाख्त नारागाँव निवासी धनेश्वरी यादव और युवक की शिनाख्त धर्मेंद्र कुमार धुर्वे ग्राम धुर्वाटोला निवासी के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ में मैनुअल गिरदावरी का ये आखिरी साल, अगले साल से डिजिटल क्रॉप सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में चालू खरीफ सीजन के दौरान हर साल मैनुअल तरीके से होने वाली गिरदावरी का ये आखिरी साल है। अब तक प्रदेशभर में यह काम लगभग 50 प्रतिशत हो चुका है।

30 सितंबर तक यह काम पूरा कर लिया जाएगा, लेकिन दशकों से चली आ रही इस तरह की गिरदावरी अगले साल से नहीं की जाएगी। इसकी जगह जियो रेफरेंस के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वे होगा। राज्य में फिलहाल डिजिटल सर्वे पायलट प्रोजेक्ट के रूप तीन जिलों और अन्य जिलों की एक-एक तहसील में किया जा रहा है।

### क्या होती है गिरदावरी

किसान द्वारा अपने खेत के कितने रकबे में कौन-कौन सी फसल की बुआई की गयी है, यह जानकारी पटवारी द्वारा शासन के डॉक्यूमेंट में दर्ज करवाई जाती है। इसी डॉक्यूमेंट को गिरदावरी कहा जाता है। पटवारी जमीन की डिटेल्स के बारे में जानकारी प्रदान करता है, जिसमें जमीन के मालिकों के नाम और जमीन में उनका हिस्सा शामिल होता है। इससे जमीन की डिटेल्स की पुष्टि हो जाती है। पटवारी जमीन को मापता है और उसकी बाउंड्रीज को वेरिफाई करता है। पटवारी इसलिए ऐसा करता है, ताकि पता लगाया जा सके, जमीन का रिकॉर्ड सही है। पटवारी जमीन पर जो फसले उगाई जाती है, उसके प्रकार, खेती के तहत एरिया और उपज को रिकॉर्ड करता है।



- पटवारी गांव-गांव में हर खेत में जाकर ले रहे हैं फसल का ब्योरा
- धमतरी, महासमुंद, कवर्धा में डिजिटल क्रॉप सर्वे

### अब तक हो चुकी 50 प्रतिशत गिरदावरी

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार राज्य में अब तक 50 प्रतिशत काम हो चुका है। इसमें से अधिकतर गिरदावरी पटवारियों द्वारा मैनुअल तरीके से की गई है। बताया गया है कि गिरदावरी का काम पूरा करने के लिए राजस्व विभाग को 30 सितंबर तक का समय दिया गया है। यह अवधि पूरी होने के बाद राजस्व विभाग हर पंचायत में गिरदावरी का प्रकाशन करेंगे। इसके साथ दी गिरादावरी पर 10 दिनों में दावा आपत्ति बुलाई जाएगी। इसका निराकरण होने के बाद अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद भी यदि किसान असहमत हो तो वह तहसीलदार के न्यायालय में आवदेन कर सकते हैं, यदि किसान का दावा सही है, तो फसल के रकबे में सुधार किया जाता है। राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी गिरदावरी में आई फसल की जानकारी के आधार पर ही की जाती है। इस लिहाज से यह किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण काम है।

### तीन जिलों में डिजिटल क्रॉप सर्वे, अगले साल से प्रदेश में

एग्रीस्टेक परियोजना में खरीफ-2024 में डिजिटल फसल सर्वेक्षण के लिए धमतरी, महासमुंद और कबीरधाम जिले का पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत चयन किया गया है। केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ में डिजिटल फसल सर्वे के लिए इन जिलों का चयन किया गया है। इन तीनों जिलों के प्रत्येक गांव में डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जा रहा है।। इसके अलावा राज्य के शेष जिलों में एक-एक तहसील में डिजिटल फसल सर्वे का कार्य चल रहा है। इसकी शुरुआत 9 सितंबर से हुई है जो 30 सितंबर तक चलेगी। अगले साल से पूरे छत्तीसगढ़ में जियो रेफरेंसिंग टेक्नोलॉजी की मदद से डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पं. सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विवि के पाठ्यक्रमों में प्रवेश 30 तक

**डौंडीलोहारा।** पं. सुन्दर लाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर से संचालित अध्ययन केन्द्र शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौण्डीलोहारा में समस्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। सत्र 2024-25 के लिए पं सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय छग बिलासपुर द्वारा दूरस्थ पद्दति से संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने की तिथि 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है।

### रीति ने चक्रधर समारोह में दी कथक की प्रस्तुति

**रायपुर।** रायगढ़ जिला प्रशासन, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित



39वें चक्रधर समारोह में गत दिनों गुरु तरुण शर्मा के मार्गदर्शन में रीति लाल ने लखनऊ घराने में कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी है, जिसके गीत छाप तिलक सब छीन ली, तोसे नैना लगाइयके सुप्रसिद्ध अमीर खुसरो द्वारा लिखित है। चक्रधर समारोह राष्ट्रीय स्तर का नृत्य एवं संगीत को समर्पित महाराजा चक्रधर की स्मृति में मनाया जाने वाला प्रतिष्ठित समारोह है। कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा की कक्षा 8वीं की छात्रा रीति लाल 5 साल की उम्र से कथक की शिक्षा ले रही हैं। वे राजेश लाल की पुत्री हैं।

### ओमकार बने साहू समाज के अध्यक्ष

**रायपुर।** साहू समाज द्वारा यतीयतन लाल वार्ड क्रमांक 4 में रविवार को गंगानगर, गोवर्धन नगर भनपुरी की बैठक ली गई। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से साहू समाज का वार्ड अध्यक्ष ओमकार साहू को चुना। साथ ही महिला उपाध्यक्ष अमरीका साहू और यश कुमार साहू को चुना गया। इस अवसर पर शहर जिला साहू संघ के केशवराम साहू सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### विसर्जन कुंड स्थल पर गोताखोरों की टीम तैनात

**रायपुर।** महादेव घाट में गणेश विसर्जन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान विसर्जन कुंड एवं महादेव घाट स्थल पर लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर गोताखोरों की टीम भी तैनात की गई है। अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, एसएसपी संतोष सिंह ने सोमवार को यहां सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों का निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर और एसएसपी ने निरीक्षण के दौरान नगर निगम अधिकारियों को विसर्जन कुंड के आसपास गोताखोरों को मूर्ति विसर्जन होने तक दिन-रात तैनात रहने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने निगम अधिकारियों को नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के निर्देशानुसार ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए।

### हत्या के दो मामलों में बनी कांग्रेस की जांच समिति

**रायपुर।** सुकमा जिले के एतकल में जादू-टोने के नाम पर पांच लोगों की हत्या के मामले में कांग्रेस ने जांच समिति का गठन किया है। समिति में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को संयोजक नियुक्त किया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में कवासी लखमा, विक्रम मंडावी, और महेश्वरी मंडावी जिला अध्यक्ष सुकमा को शामिल किया गया है।

### हेमचंद यादव विश्वविद्यालय को मिला नया कुलपति

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा का कार्यालय समाप्त हो गया है। उनकी जगह आगामी आदेश तक संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर को यूनिवर्सिटी का वाइस चांसलर बनाया गया है। उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया है। इस विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा का कार्यकाल कुलपति के रूप में 12 सितम्बर 2024 को समाप्त गया है। इस अवसर पर हेमचंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव कुलदीप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। नए कुलपति राठौर के विश्वविद्यालय परिसर पहुंचने पर कुलसचिव कुलदीप ने विश्वविद्यालय परिवार की ओर से पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

## रेत उत्खनन पर 10 अक्टूबर तक प्रतिबंध, 11 से खुलेंगी खदानें, मिलेगी राहत

# बंद रेत खदानें खुलते ही घटेगी कीमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

आसमान छू रही रेत की कीमत से आम लोगों को अगले महीने से राहत मिलने लगेगी। 11 अक्टूबर से रेत की बंद खदानों में उत्खनन का काम पुनः शुरू हो जाएगा। इसके बाद रेत के परिवहन में भी तेजी आने लगेगी, जिससे रेत की कीमत में भी गिरावट आनी शुरू हो जाएगी। खदानें बंद होने के कारण रेत इन दिनों 22 से 30 रुपए फीट की दर से बाजार में बिक रही है, जो खदानों के खुलते ही कम होने लगेगी। इसके बाद लोगों को भी रेत पुरानी कीमत पर मिल पाएगी।

### खदानें बंद के कारण बढ़ी रेत की कालाबाजारी

बारिश सीजन में एनजीटी के निर्देश के तहत रायपुर सहित प्रदेशभर की रेत खदानों में 15 जून से 10 अक्टूबर तक उत्खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके कारण रेत का परिवहन भी थमा हुआ है, जिसके कारण रेत की कालाबाजारी होने लगी है। खदानें बंद होने का फायदा उठाकर रेत माफिया वैध और अवैध रूप से भंडारण की गई रेत की कालाबाजारी करने लगे हैं। यहीं कारण है कि पिछले करीब ढाई महीने से 12 से 13 रुपए फीट की रेत 22 से 30 रुपए फीट की दर से बाजार में बिक रही है। इसमें मीडियम रेत 20-22 रुपए और बारिक रेत 28-30 रुपए फीट की दर से बेची जा रही है।

### एनओसी मिलने पर ही वैध उत्खनन

सीआ द्वारा एनओसी मिलने के बाद ही खदान में ठेकेदार वैध रूप से रेत का उत्खनन करा सकता है। एनओसी के बिना रेत का उत्खनन अवैध कहलाएगा। हालांकि विभागीय अधिकारी ने संभावना जताई है कि प्रतिबंध हटते तक शेष खदानों के ठेकेदारों को भी सीआ से एनओसी मिल मिल जाएगी।



### प्रतिबंध हटते ही मिलेगी राहत

खदानों में रेत उत्खनन पर 10 अक्टूबर तक प्रतिबंध है। 11 तारीख से खदानों में उत्खनन का काम शुरू हो जाएगा। इससे रेत का परिवहन भी सामान्य होगा, जिससे लोगों को आसानी से रेत मिलेगी।

**- केके गोलघाटे,** उप संचालक, खनिज विभाग

### अक्टूबर के दूसरे सप्ताह से कीमत गिरने की संभावना

प्रतिबंध हटते ही रेत खदानों में उत्खनन का काम शुरू होते ही अक्टूबर माह के दूसरे सप्ताह से ही रेत की कीमत में गिरावट आना शुरू हो जाएगी। रेत का उत्खनन व परिवहन जैसे-जैसे बढ़ेगा वैसे-वैसे कीमत तेजी से घटने लगेगी। संभावना जताई जा रही है नवंबर माह तक रेत की कीमत पूर्व की भांति सामान्य हो जाएगी।

### 13 खदान एनओसी 8 को मिला

खनिज विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले में कुल 13 रेत खदानें स्वीकृत हैं, लेकिन 10 अक्टूबर से प्रतिबंध हटने के बाद भी सभी खदानों में वैध रूप से उत्खनन शुरू नहीं हो पाएगा, क्योंकि इनमें से अब तक सिर्फ 8 खदानों को ही स्टेट इन्वायरमेंट इम्पैक्ट एसेसमेंट अथॉरिटी (सीआ) से एनओसी मिल पाई है। गाइड लाइन के अनुसार टेंडर होने के बाद ठेकेदार द्वारा खदान में रेत उत्खनन के लिए सीआ से अनुमति लेना होता है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अब तक 8 खदानों को ही यह अनुमति मिल पाई है। शेष 5 खदानों को अनुमति नहीं मिल पाई है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मरीजों को बांटा फल



**डोंडी।** ब्लाक प्रमुख भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष झा, नपा अध्यक्ष सोमेश सोरी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंडी में मरीजों को फल और मिष्ठान वितरित किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनीष झा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भगवान दीर्घायु जीवन दें। उन्होंने कहा कि तीसरी बार सत्ता में आने का परिणाम बता रहा है कि वे देश ही नहीं पूरे विश्व के लोकप्रिय नेता हैं। वे भारत देश के लिए कर्तव्य पूर्वक कार्य करते हुए सबका साथ सबका विकास को चरितार्थ कर रहे हैं। इस मौके पर विहिप के जिला उपाध्यक्ष ओम गोलछा, नपा उपाध्यक्ष रूपेश नायक, विहिप ब्लॉक डोंडी उपाध्यक्ष शिवम दुबे, बजरंग दल डोंडी अध्यक्ष निखिल अग्रवाल, पत्रकार संघ अध्यक्ष तेजराम साहू, निलेश जायसवाल, पूनम कोठरी, लाल चंद जैन, रूपेश जैन, आकाश बोरकर मौजूद रहे।

## बीजेपी का सदस्यता अभियान जारी



डौंडीलोहारा। भाजपा जिला संगठन के निर्देशानुसार प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता द्वारा अपने-अपने गांवों में व परीचितों को जोड़कर सदस्यता अभियान को गति देने का कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 17 सितंबर को बूथ क्रमांक 112 ग्राम कामता में भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया गया। तुकाराम साहू ने बताया कि लोगों ने भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर श्री मोदी के सुशासन व मुख्यमंत्री साय की कार्यप्रणाली को लेकर स्वमेव ही भाजपा से जुड़ने का मन बना लिया है। इस अवसर पर हरेश्वर सिन्हा, उपसरपंच, मंगतूराम सिन्हा, थानेश्वर सिन्हा, फागु राम नेताम, अमृत लाल नेताम एवं अन्य राजमिस्त्रियों की उपस्थिति में अनेक लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली।

## कन्हारपुरी में ग्राम भरेंगांव (पुरूर) का कार्यक्रम आज



**गुरूर।** गणेश उत्सव समिति कन्हारपुरी द्वारा 18 सितंबर को रात 9 बजे ग्राम भरेंगांव (पुरूर) का कार्यक्रम रखा गया है। अध्यक्ष मेष कुमार, उपाध्यक्ष विनोद देवांगन, समिति तोरण साहू, पिंटू साहू, लक्की साहू, मुकेश साहू, बसंत साहू, सोनू ठाकुर, हेमंत खेमन ने बताया कि इस कार्यक्रम में ग्रामीणों का सम्पूर्ण सहयोग है।

## घीना के विद्यार्थियों ने निकाली स्वच्छता रैली




**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। बैंड के साथ विद्यालय के विद्यार्थी एवं स्टाफ द्वारा रैली निकाली गई। विद्यालय में हाथ धुलाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी विद्यार्थियों को परिवार जनों को हाथ धुलाई का संदेश दिया गया। इसके साथ ही ओजोन परत संरक्षण का महत्व बताया गया। इसके साथ ही पौधे लगाने पेड़ बचाओ का संदेश विद्यार्थियों एवं उपस्थित नागरिकों को दी गई। उक्त जानकारी प्राचार्य एमएल ठाकुर ने दी।

## ब्लॉक कर्मचारी का दर्जा पाने एकजुट हो रहे मनरेगा मेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ब्लॉक मनरेगा मेट संघ बालोद की बैठक कुर्मी भवन बालोद में हुई। बैठक का संचालन ब्लॉक सचिव तीरथ राम साहू ने किया। ब्लॉक अध्यक्ष धनेश्वरी साहू ने संघ के प्रति जागरूक किया व सभी मेटों को वाउचर से कार्य करने के लिए पंजीयन कराने के लिए प्रेरित किया। सभी मेटों को मेट पहचान पत्र बनवाने के लिए 100 रूपए व प्रति सदस्यता शुल्क 200 रुपए एवं प्रदेश के लिए प्रति सदस्य 20 रुपए जमा करने का आग्रह किया।

- बालोद में हुई ब्लॉक मनरेगा मेट संघ की बैठक

2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में सूचना दी जाएगी। इसके साथ ही मांगों को लेकर आने वाले दिनों में अगर धरना प्रदर्शन की आवश्यकता होती है, तो उसके लिए सभी मेट को तैयार रहने का आग्रह किया गया।

मेटों की विभिन्न मांगों में उनहें ब्लॉक कर्मचारी का दर्जा दिया जाना प्रमुख मुद्दा है। इसलिए सभी मेटो से निवेदन है कि संघ में अपना सदस्यता ग्रहण कर लें।

बैठक में उपस्थित ब्लॉक अध्यक्ष धनेश्वरी साहू, सचिव तीरथ राम साहू, सहसचिव तोमिन मरकाम, जोन प्रभारी प्रीति साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य तोमिन साहू, जोन प्रभारी शैलेन्द्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष डामन लाल साहू व अन्य सभी मेट साथी उपस्थित थे।

## पूर्व माध्यमिक शाला हडगहन में शिक्षिका भुआर्य ने दिया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा




पूर्व माध्यमिक शाला हडगहन में हिन्दी दिवस समारोह एवं जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया।

इसके तहत बच्चों को मध्यान्ह भोजन निर्धारित मीनू के अलावा पोषण आहार का वितरण किया गया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पुनीत राम सेन ने बताया कि न्योता भोज का आयोजन शाला शिक्षिका भुआर्य के जन्म दिवस के अवसर पर किया गया। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद सिन्हा, शाला के प्रधान पाठक परमानंद साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पुनीत राम सेन, पल्लू राणा, शिक्षाविद तुला राम रावटे एवं श्याम लाल देवांगन, शिक्षका साहिना बानो, पुष्पा लता गजभिए, महेश कुमार यादव, नरेशकुमार, झामेन्द कुमार सभी ने इस सफल आयोजन के लिए भुआर्य को बधाई दी।

## बीएसपी ने रावघाट वनांचल में बढ़ाई शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा रावघाट सीएसआर परियोजनाओं के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल, इंफ्रास्ट्रक्चर खेल आदि जैसी मूलभूत सुविधाओं में विस्तार कर रहा है। रावघाट सीएसआर परियोजना के अंतर्गत आने वाले गाँवों की संख्या बढ़कर 60 हो चुकी है।तीन अस्पताल खोड़गाँव स्वास्थ्य केंद्र, दण्डकवन स्वास्थ्य केंद्र और अंतागढ़ स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। इसके अलावा एक मोबाइल मेडिकल यूनिट की भी साप्ताहिक सेवा प्रदान की जा रही है। जिसमें सेनेटरी पैड का भी वितरण किया जाता है। गंभीर मरीजों को सेक्टर-9 अस्पताल भिलाई रिफर किये जाने की सुविधा भी है। रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 22 बफर जोन गांवों में चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस सुविधा से वर्ष 2023-24 में 9346 मरीज लाभान्वित हो चुके हैं। कौशल विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिवर्ष क्षेत्र की 24 बालिकाओं को नर्सिंग कराया जाता है।

## पाऊवारा पहुंचे विभिन्न दलों के दिग्गज नेता, दिवंगत कमलादेवी को दी श्रद्धांजलि





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी कमला देवी साहू के निधन पर उनके गृहग्राम पाऊवारा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग सांसद विजय बघेल व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने पाऊवारा पहुंचकर दिवंगत कमला देवी को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट, नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी एसए सम्पत, जरिता



लैतफलांग, विजय जांगिड़, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, पूर्व मंत्री गुरु रूद्र कुमार, प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल सिंह साहू सहित अनेक नेता उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### किकिरमेटा में मिले 11 नए मरीज, अब तक डायरिया से 82 ग्रामीण संक्रमित

**दुर्ग।** पाटन अंतर्गत सेक्टर रानीतराई एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रानीतराई के आश्रित ग्राम किकिरमेटा में पिछले चार दिनों में 82 डायरिया के मरीज सामने आए है। वही सोमवार को डायरिया के नए 11 मरीज मिलने से हडकंप मची है। बहरहाल स्वास्थ्य विभाग द्वारा डोर टू डोर सर्वे कराकर दवा का वितरण किया जा रहा है। पीएचई विभाग द्वारा गांव में फैले संक्रमण के बाद हरकत में आई है। वही संक्रमित मरीजों के घरों से सैंपल लेकर पानी जांच के लिए भेजा गया था। जिसमें बैक्टीरिया पाया गया है। संक्रमित होने का प्रमुख कारण गंदे पानी है। जिले के आईडीएसपी अधिकारी के द्वारा विजिट किया गया। इस दौरान पता चला कि, 16 सितंबर 2024 को ग्राम में दसगात्र कार्यक्रम है, इस कार्यक्रम में टैंकर के पानी का उपयोग करने के निर्देश दिए गए। उल्टी-दस्त की आऊट ब्रेक की सूचना प्राप्त होने पर डॉ. मनोज दानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग के निर्देशानुसार डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्विलेंस अधिकारी, दुर्ग, संदीप ताम्रकार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एनएचएम दुर्ग के मार्गदर्शन में नियमित रूप से सक्रिय सर्वेलेंस किया जा रहा है।

### शालेय बाक्सिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन


**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्तरीय 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय बाक्सिंग चैम्पियनशीप प्रतियोगिता का आयोजन जेआरडी स्कूल दुर्ग में किया गया। इस प्रतियोगिता में स्टील बाक्सिंग क्लब सिविक सेंटर भिलाई के बालक वर्ग में अंश कुमार यादव 57 से 60 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल, आर्यन जूना 63 से 66 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल, रजनीश यादव 48 से 51 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल, इशान गिरी 75 से 81 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल, नमन सिंह 60 से 63 किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल, आर्यन दुबे 54 से 57 किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। क्लब के कोच पूर्व ओलंपियन एवं अर्जुन पुरुस्कार से सम्मानित राजेन्द्र प्रसाद है। क्लब के सदस्य धनन्जय चतुर्वेदी, अरुण जेना, वीर सिंह राजपूत, अमरीक, रविशंकर, रवि, सुदीप अग्रवाल, संतोषी मांझी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी।

### लाइसेंस आवंटन राशि जमा करने की अंतिम तारीख एक माह बढ़ेगी

**भिलाई।** बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने सांसद विजय बघेल से बीएसपी के छोटे आवासों के लायसेंसे आवंटन राशि जमा करने की अंतिम तारीख एक महीने वृद्धि करवाने की मांग की है। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 2011 में जिन वासियों से छोटे मकानों को लाइसेंस में वितरण करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई थी । उनकों बीएसपी प्रबंधन द्वारा 11 सितंबर तक लाइसेंस आबंटन राशि जमा करने की अंतिम तिथि प्रदान किया गया था। लेकिन इन मकानों में रहने वाले 300 से ज्यादा रहवासी ने इस राशि को जमा करने में असमर्थ थे। कुछ लोग आर्थिक कारण से और कुछ बीमारी के कारण राशि जमा नहीं कर पाए। यूनियन के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल ने सांसद बघेल से मिलकर रहवासियों के लाइसेंस में पैसा जमा करने की अवधि में एक माह की और वृद्धि कराने की मांग की। सांसद ने बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज से चर्चा किया।







### नदी व तालाबों में किया गया प्रतिमाओं का विसर्जन

बालोद। मंगलवार को घरों में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन करते हुए कई अलग अलग तस्वीरें सामने आई। भक्तों ने भगवान गणेश के जयकारों के साथ प्रतिमाओं को तालाब, नदी में विसर्जित किया। शहर के गंगा सागर तालाब में बालोद ब्लॉक के मध्याह्न भोजन प्रभारी रजनी वैष्णव भी अपने घर के भगवान गणेश की प्रतिमा को विसर्जन करने पहुंचीं।

**विसर्जन : अनंत चतुर्दशी पर हवन के साथ हुआ गणेशोत्सव का समापन**

# बालोद जिला मुख्यालय सहित अंचल में गूंजा गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्द आ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

इस माह की 7 तारीख को गणेश चतुर्थी के साथ शुरू हुए गणेशोत्सव का मंगलवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर हवन पूजन के साथ समापन हो गया। इसके साथ ही श्री गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला भी शुरू हो गया। मंगलवार को ही हवन के बाद छोटी प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया, वहीं कुछ स्थानों पर समितियों द्वारा स्थापित गणपति की प्रतिमाओं का भी विसर्जन किया गया। राजस्व कॉलोनी झलमला में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा स्थापित श्री गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विसर्जन शोभा यात्रा में पारम्परिक वाद्ययंत्रों का उपयोग कर अन्य समितियों को भी एक संदेश दिया।

- विभिन्न स्थानों पर छोटी प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

जिला मुख्यालय बालोद के राजस्व कॉलोनी गंगानगर झलमला में स्थापित गणेश प्रतिमा की विसर्जन शोभायात्रा पारम्परिक वाद्ययंत्रों के साथ निकाली गई। जिला मुख्यालय के ग्राम झलमला स्थित राजस्व कॉलोनी में गणेशोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रतिदिन श्री गणेश जी एवं श्री राजेश्वर महोदव की संगीतमय आरती के बाद भण्डारा का आयोजन किया गया।





**गणेशोत्सव के दौरान हुए विविध कार्यक्रम**

कॉलोनी के संरक्षक जिला पंचायत सीईओ एवं अध्यक्ष एसडीएम गुण्डरदेही सुरेश साहू के मार्गदर्शन में पूरे ग्यारह दिनों तक विविध भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें दिया के अंजोर जस एवं फाग झांकी ग्राम पेण्ड्री एवं आरके म्यूजिकल ऑर्केस्ट्रा ग्रुप बालोद की प्रस्तुति आकर्षक रही। आरती की थाल सजाओ प्रतियोगिता में भारती यादव प्रथम, श्रद्धा वर्मा द्वितीय एवं लीली साहू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के पालन करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी गणेशोत्सव समिति को निर्देशित किया गया है। जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम गुण्डरदेही एवं शासकीय अधिकारी कर्मचारियों ने विसर्जन शोभा यात्रा में डीजे के स्थान पर पारम्परिक वाद्य-यंत्रों का उपयोग कर पूरे जिले को संदेश दिया। सम्पूर्ण आयोजन में झलमला के पुरोहित नंदकिशोर शर्मा, कुमार टेंट झलमला एवं राजस्व कॉलोनी के समस्त सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### तांदुला में किया गया प्रतिमा विसर्जन

अंडा। ग्राम अंडा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश उत्सव से भक्तिमय माहौल है। वहीं, मंगलवार को हवन-पूजन के बाद गणेश जी की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया। ग्रामीणों ने क्षेत्र ललाती में गणेश जी की प्रतिमा की गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से विसर्जन यात्रा निकाली। उसके बाद तांदुला नदी में विसर्जन किया गया। उल्लेखनीय है कि ग्राम अंडा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह श्री गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर पूरे 11 दिनों तक पूजा-अर्चना की गई।







### ग्राम लमती में भगवान गणेश प्रतिमा का किया गया विसर्जन

डौंडीलोहारा। वनांचल के ग्राम लमती नंदी चौक गणेश उत्सव समिति में रात्रिकालीन कार्यक्रम छोटे छोटे बच्चों के द्वारा रिकार्डिंग डांस का आयोजन गणेश उत्सव समिति के बेनर तले बहुत सुंदर मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का संचालन लोकेश कुमार रावटे ने किया। कार्यक्रम का समापन शंभु राम बढ़ई ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत तुमडीकसा की सरपंच उषा पिस्दा, खोरबाहरा यादव, ग्राम पटेल सुकलु राम, महेंद्र कुमार नायक, दिनेश कुमार, मिथलेश यादव एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। दूसरे दिन सुबह भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।


# धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में मंगलवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। शहर से लेकर गांव तक लोगों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। संजीवनी 108 एंबुलेंस की टीम, बिजली मिस्त्री, मकान बनाने वाले मिस्त्री, फर्नीचर बनाने वाले मिस्त्री सहित कई बड़ी-बड़ी मशीनों से संबंधित कार्य करने वाले लोगों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा की। मंगलवार को सुबह से देर शाम तक भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित करने व औजारों तथा मशीनों की पूजा करने का सिलसिला जारी रहा।

शहर में राजमिस्त्री संघ ने अपने भवन में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की। वहीं बिजली मिस्त्री संघ ने भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। वहीं, संजीवनी 108 एंबुलेंस की टीम ले भी सुबह वाहनों की पूजा की। इस अवसर पर जिला अस्पताल प्रबंधक डॉक्टर श्रीमाली भी मौजूद रहे। आज भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।





### ग्राम कुलिया भाटापारा में की गई भगवान विश्वकर्मा की पूजा



**गुरूर।** ग्राम कुलिया भाटापारा में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित की गई। पंडित द्वारा मंत्रोच्चार के साथ प्राण-प्रतिष्ठा कर पूजा-अर्चना की गई। समिति से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह बाजे-गाजे के साथ गली भ्रमण करते हुए भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति विसर्जन का विसर्जन किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के सदस्य रूपेश साहू, कोमल साहू, देवेंद्र साहू, लिलेश्वर पटेल, धमैद भानू पटेल, समीर नेताम, भोला पटेल, तिलेश्वर नेताम सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# कुसुमकसा में धूमधाम से मना ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

कुसुमकसा में ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने जुलूस निकाला। समाज के प्रमुख सदर वाहिद खान कहा कि इस्लाम धर्म में हर साल रबी उल अव्वल महीने की 12 तारीख को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था।

- मुस्लिम समाज के लोगों ने निकाला जुलूस

उन्होंने अल्लाह के संदेशों को सभी तक पहुंचाया। इस त्योहार को नबी मुहम्मद के जीवन और उनके संदेश के प्रति समर्पित रूप से मनाया जाता है। जनपद पंचायत सदस्य कुसुमकसा के संजय बैस ने मिलाद-उन-नबी पर कुसुमकसा मुस्लिम समाज के सदस्यों को बधाई दी। जुलूस में शामिल सभी लोगों के लिए हलवा एवं शरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान संतोष जैन, रवि यादव, संजय बैस, मुस्लिम समाज कुसुमकसा के सदर शब्बीर खान, हाजी जनाब दिलदार साहब, मौलाना मोहमद याकूब खान, समीम खान, डाक्टर नसीम खान, शमशेर खान, शरीफ खान नईम कुरैशी, आबिद बेग, अहमद बेग, हसीब खान, गुलाम खान, खलील भाई, शानू सद्दाम खान, आशिफ बेग, कलाम खान, साजिद खान, नदीम खान, वसीम जावेद खान इमरान खान हकीम खान अरशद खान जलील कुरैशी खान एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# समाज में संस्कारित नागरिक तैयार करने आगे आ रहे

**जामगांव आर।** लेखन और वाचन से दूर हो रही युवा पीढ़ी को सुदृढ़ बनाने के लिए प्राथमिक शाला में ही नींव मजबूत करने की अभिनव पहल की जा रही है। शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हली के चिंतक, विचारक, प्रधान पाठक छन्नू लाल साहू ने जन मानस से समाज को संस्कारित बच्चे व नागरिक देने के लिए तन, मन, धन से सहयोग करने का आह्वान किया है। प्रधानपाठक श्री साहू की आवाज स्कूल के पूर्व छात्र लोको पायलट उत्तम साहू तक भी पहुंची। उत्तम साहू ने विद्यालय विकास के लिए 10 हजार रुपए प्रदान किए। शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक श्री साहू एवं पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधानपाठ प्रभा सिंह की इस अभिनव पहल की सर्वत्र सराहना हो रही है।



- प्राथमिक शाला कुम्हली के पूर्व छात्र उत्तम ने विद्यालय विकास के लिए दी राशि

### नन्हे मुन्नों की जिंदगी खराब न होने दें

पूर्व छात्र लोको पायलट उत्तम साहू ने कहा कि शासन तो विकास के लिए प्रयास करती है, लेकिन इसके बावजूद संस्था के विकास में समाज की भी जरूरत होती है। देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें की तर्ज पर सहयोग के लिए हाथ आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे इसका अवसर मिला निश्चित यह मेरा सौभाग्य है। शासन की राह देखते अपने नन्हे मुन्नों की जिंदगी खराब न होने दें। कदम बढ़ाते जाएं कारवां बनना तय मानिए। उन्होंने कहा कि प्रधानपाठक का चिंतन एवं प्रयास सराहनीय है।

### युवा पीढ़ी डिग्री के बाद समाज के साथ चलने करें चिंतन

प्रधानपाठक सीएल साहू ने कहा कि संचार क्रांति का भरपूर सकारात्मक उपयोग करें। अतीत की वो बातें जो जीवन की प्रतिभा के लिए अत्यावश्यक नहीं भूलें। कई बार डिग्री मिलने के बाद भी प्रतिभा में निखार नहीं आ पाती। युवा पीढ़ी चिंतन मनन करे। अतीत के दर्पण से भविष्य को संवारने की अभिनव पहल करें। प्रधान पाठक के इस नवाचार को समग्र शिक्षा परियोजना निदेशालय के चर्चा पत्र पर भी स्थान मिला है। भविष्य में भी छोटे-छोटे अकादमिक समस्याओं पर सहयोग के लिए भरोसा दिलाया। उत्तम साहू की दानशीलता के लिए प्रधान पाठकों ने आभार जताया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज



By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
03 अक्टूबर 2024
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-21,500/-, 3AC-29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 30,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411